**दिनांक : 22.05.2025** **समय : 07.10PM**

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री ने 102 अमृत भारत स्टेशनों का किया उद्घाटन, प्रदेश के 6 स्टेशन शामिल।
- 26 मई को नरसिंहपुर में कृषि उद्योग समागम का आयोजन, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री सिवनी–मालवा में आयोजित तिरंगा यात्रा में हुए शामिल, कई विकास कार्यो की दी सौगात।
- प्रदेश में बना रहेगा आंधी–बारिश का मौसम, भोपाल, इन्दौर सहित 35 जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी।

**अब समाचार विस्तार से–**

### प्रधानमंत्री अमृत भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राजस्थान के बीकानेर में देश के 18 राज्यों के 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया इनमें मध्यप्रदेश के छह स्टेशन शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने 26 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए देश में आधुनिक अवसंरचना बनाने का बड़ा प्रयास चल रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन, हाईवे और एयरपोर्ट जैसी अवसंरचनाओं को आधुनिक बनाने का काम तेज गति से किया जा रहा है। आज इन परियोजनाओं पर पहले की तुलना में छह गुना अधिक पैसा खर्च किया जा रहा है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर कहा कि रेलवे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिवर्तनकारी सुधारों का गवाह बन रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रियों के लिए अमृत भारत, नमो भारत, वंदे भारत ट्रेनें शुरू की गई हैं। रेलमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने छोटे स्टेशनों पर ध्यान दिया है और इन स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक पांच सौ स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री अमृत भारत** प्रदेश

प्रदेश के 6 अमृत स्टेशनों सिवनी, शाजापुर ओरछा, नर्मदापुरम, श्रीधाम और कटनी दक्षिण का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव भी शामिल हुए। वहीं, प्रदेश के अन्य पांच रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रमों में राज्य सरकार के मंत्री और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नए युग की ओर बढ़ रहा है । ओरछा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन सबका साथ सबका विकास की इच्छाशक्ति को दर्शाता है–

उपराष्ट्रपति

नरसिंहपुर में 26 मई को कृषि उद्योग समागम का आयोजन होगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इसका शुभारंभ करेंगे।"कृषि उद्योग समागम 2025" का आयोजन मध्यप्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश आकर्षित करने, और किसानों को बेहतर बाजार से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। यह समागम उद्योगपतियों, कृषक उत्पादक संगठनों एवं नीति निर्माताओं के बीच संवाद, नीति प्रस्तुति एवं सहयोग के अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम में उद्योग इकाइयों का शिलान्यास एवं लोकार्पण तथा उद्योगपतियों को भूमि आवंटन पत्र एवं आशय पत्रों का वितरण भी होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, उद्योगपति, किसान,आमजन आदि मौजूद रहेंगे।

**पीएम मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो

कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। लोग अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। वे अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या **माई जी ओ वी**- MyGov ओपन फोरम के जरिए भी साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

**राष्ट्र प्रथम : दशभक्ति का जज्बा**

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे वाट्सप नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035।

आईये अब सुनते हैं बालाघाट जिले की श्रीमती प्रमिला का ये संदेश।

खंडवा जिले के जगदीप सिंह का ये संदेश।

**सर्वदलीय-प्रतिनिधिमंडल दौरा**

ऑपरेशन सिंदूर के बारे में अपनी बात दुनिया भर तक पहुंचाने के उद्देश्य से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश यात्रा पर है। डी.एम.के. सांसद कनिमोई करुणानिधि के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान-समर्थित आतंकवाद को उजागर करने और ऑपरेशन सिंदूर पर विश्व समुदाय को विश्वास में लेने के उद्देश्य से पांच देशों की यात्रा के लिए रवाना हो गया है। प्रतिनिधिमंडल स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस जाएगा। जनता दल यूनाइटेड के सांसद

संजय कुमार झा के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल  जापान पहुंच गया है। प्रतिनिधिमंडल ने जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज से मुलाकात की। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व वाला दल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो और सिएरा लियोन की यात्रा कर रहा है। पहले चरण में यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात पहुंचा।

मुख्यमंत्री तिरंगा यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सिवनी मालवा में निकाली गई तिरंगा यात्रा में सहभागिता भी की। यात्रा में लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने नर्मदापुरम जिले के सिवनी-मालवा में 97 करोड़ 7 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण और 102 करोड़ 94 लाख के कार्यों का भूमि-पूजन किया।

मौसम

प्रदेश में ओले, बारिश और आंधी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर समेत 35 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं ग्वालियर-चंबल में लू चलेगी। प्रदेश के 13 से ज्यादा जिलों में कल  आंधी-बारिश का दौर रहा। कुछ जिलों में ओले भी गिरे। भोपाल-इंदौर में दोपहर तक तेज गर्मी रही, लेकिन इसके बाद हल्की बारिश शुरू हो गई। सीहोर के कई गांवों में ओले गिरे। रतलाम, विदिशा में तेज आंधी वाला मौसम रहा। धार, रतलाम, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, रायसेन, रीवा, सागर, बालाघाट में भी बारिश का दौर चलता रहा। इधर, छतरपुर प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा। खजुराहो में तापमान 46 डिग्री और नौगांव में 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**अब कुछ समाचार संक्षप्त में**

- देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उज्जैन रोड औद्योगिक क्षेत्र के ईकाईयों के मालिकों रूफ वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम लगाये जाने के लिए प्रेरित किया गया।
- अशोक नगर कलेक्टर आदित्य सिंह ने कालाबाग शासकीय उचित मूल्य दुकान के सेल्समेन द्वारा समय पर राशन न देने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
- झाबुआ जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया की उपस्थिति में हेक्साकॉप्टर ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल्स छिड़काव का शुभारम्भ किया गया।
- अनूपपुर जिले में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन आयोजन शासकीय आईटीआई में 30 मई को किया जाएगा।
- शहडोल जिले में कुपोषण निवारण अभियान के तहत कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन व वजन सत्यापन किया जा रहा है
- खंडवा जिले में आज कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया
- आई.पी.एल. क्रिकेट में, गुजरात टाइटन्स का सामना आज शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद में लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा।